www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-152 सागवाड़ा, गुरुवार, 3 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## शराब पीने रुपए मांगने एवं छेड़छाड़ के आरोप में 5 जनों को जेल

**सीमलवाड़ा।** शराब पीने रुपए मांगने एवं विवाहिता से छेड़छाड़ के प्रकरण में धंबोला पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। धंबोला सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि सिथल निवासी नारायण पुत्र सकराम बंजारा, प्रकाश पुत्र सकराम, प्रवीण पुत्र नारायण, पंकज पुत्र जवरा एवं प्रवीण पुत्र सकराम बंजारा को गिरफ्तार किया जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेजने के आदेश दिए। सिथल ग्राम पंचायत क्षेत्र की गांगी बंजारा टांडा निवासी हंसा पत्नी विक्रम बंजारा ने धंबोला पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था जिसमें बताया था कि 11 दिसंबर 2021 शाम 5 बजे वह अपने पति व ससुर के साथ कार में सवार होकर गांव लौट रहे थे कि रास्ते में आरोपियों ने गाड़ी के आगे खड़े होकर शराब पीने रुपए मांगे, नहीं देने पर पति के साथ मारपीट की, बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की। जांच अधिकारी एएसआई प्रवीण सिंह ने कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जिन्हें कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

## गडिया भादर में शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

**सीमलवाड़ा।** भादर पीईईओ परिक्षेत्र की सभी विद्यालयो के 1 से 8 अध्यापन कराने वाले शिक्षको का प्रशिक्षण कार्यक्रम राउमावि गडिया भादर में आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य शिल्पा पण्ड्या की अध्यक्षता में हुआ।

प्रशिक्षण में एमटी बंसीलाल रोत व कुलदीप सिंह चौहान थे पीईईओ व एमटी द्वारा स्टार कार्यक्रम के बारे में विस्तृत बताया ।

इसमे छात्रो का वर्कबुक के आधार पर मूल्यांकन कर बच्चों के तिन समूह बनाकर प्रतिदिन 2 कालांश इसी आधार पर अध्यापन करवाने की जानकारी दी जिससे छात्रो को उनके स्तर तक लाया जा सके। जिस कक्षा के योग्य है उस कक्षा तक छात्र में शिक्षण कार्य परखा जाय।

साथ ही रिकार्ड संधारण के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में यूपीएस प्रधानाध्यापक दिग्पाल सिंह चौहान, मनीषा पण्ड्या व 20 अध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण समाप्त होने पर फीडबैक भी सबमिट किये।

# 8 फीट लंबा मगरमच्छ सड़क पर आ गया



**डूंगरपुर।** 8 फीट लंबा मगरमच्छ सड़क पर आ गया। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू कर बांध में छोड़ दिया गया। डूंगरपुर के दोवड़ा थाना क्षेत्र के मांडव पंचायत के सरपंच सोहनलाल कोटेड व उप सरपंच इंदिरा कुंवर ने बताया कि गुरुवार सुबह हरजी का सिरा गांव में कुछ लोगों ने मुख्य मार्ग पर बड़े मगरमच्छ को घुमते हुए देखा। सड़क पर मगरमच्छ को देखकर आने-जाने वाले लोग घबरा गए। मगरमच्छ को देखने बड़ी संख्या में गांव के लोग सड़क पर इकट्ठे हो गए। मगरमच्छ धूप में बैठा हुआ था।

## सागवाडा पुलिस थाने से 300 मीटर दूर कॉस्मेटिक दुकान में चोरी, ताले तोड़कर 2 हजार की नकदी चुराई

**सागवाड़ा।** सागवाडा पुलिस थाने से 300 मीटर की दूरी पर चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर गल्ले से 2 हजार रुपये की नगदी चुरा ली। घटना के बाद व्यापारियों में आक्रोश है। सागवाडा नगर के मुख्य बाजार में पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर उपाध्याय मार्केट में सीजन लेडीज सलेक्शन की दुकान में बुधवार रात को चोरी की वारदात हुई। रात को दुकान के शटर के ताले लगाकर घर गया था। दुकान मालिक चिराग बोबड़ा ने बताया कि आज गुरुवार सुबह जब दुकान खोलने गया तब चोरी का पता लगा। दुकान के शटर के ताले टूटे हुए थे और अंदर जाकर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा हुआ पड़ा था। वहीं दुकान के काउंटर में रखे हुए 2 हजार का कैश भी चोरी हो गया था। घटना की सूचना पर सागवाडा थाना पुलिस मौके पर पंहुची। चिराग बोबड़ा समेत आसपास के व्यापारियों ने थाने से कुछ ही दूरी पर हुई चोरी पर आक्रोश जताया। लोगों ने कहा कि थाने के आसपास की जगह ही सुरक्षित नहीं है। लोगों ने चोरों का जल्द से जल्द पता लगाकर वारदात का खुलासा करने की मांग रखी है।

## रीट भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले व भाजयुमो कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज के विरोध में सीमलवाडा भाजपा मंडल का प्रदर्शन, एसडीएम को दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन



**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सीमलवाडा भाजपा मंडल की ओर से रीट भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले व भाजयुमो कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज के विरोध में सीमलवाडा एसडीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया गया । वही भाजपा मंडल ने सीमलवाडा एसडीएम कार्यालय में नायब तहसीलदार को राज्यपाल ने नाम ज्ञापन भी सौपा ।

प्रदेश में रीट भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले व भाजयुमो कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज मामले में भाजपा की ओर से सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है । इसी के तहत गुरुवार को सीमलवाडा भाजपा मंडल के महामंत्री दिनेश चन्द्र पंड्या के नेतृत्व में भाजपा मंडल और भाजपा के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सीमलवाडा एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए । वही भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रदेश में रीट भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले व भाजयुमो कार्यकर्ताओ पर लाठीचार्ज मामले में राज्य सरकार की भूमिका का विरोध किया और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया । इस मौके पर सीमलवाडा भाजपा मंडल के महामन्त्री दिनेश चन्द्र पंड्या ने रीट भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा । उन्होंने कहा की राज्य सरकार ने रीट परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के करवाने का दावा किया था लेकिन एसओजी की जांच और की गई गिरफ्तारियो ने सरकार के इन दावो की पोल खोल दी है ।

# लाखो युवाओ को कांग्रेसी पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य-भगोरा

### हरियाणा राज्य पीआरओ ताराचंद भगोरा ने कहा कि कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान एक बहुत बड़ा अभियान है




**सागवाड़ा।** हरियाणा राज्य पीआरओ ताराचंद भगोरा ने कहा कि कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान एक बहुत बड़ा अभियान है जिसमे बड़ी संख्या में आम जनता जुड़ेगी चूंकि भाजपा सरकार के पिछले 7-8 वर्षों के शासन में जो माहौल बना है उससे आम जनता परेशान हो रही है वें आज हरियाणा राज्य के चंडीगढ़ कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हरपाल ठाकुर, विपिन नेगी, डिजटल सदस्यता अभियान प्रशिक्षण प्रभारी राहुल बल, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव चौधरी रामकिशन गुर्जर, प्रदेश महासचिव डॉ अजय चौधरी, कोषाध्यक्ष रोहित जैन, एआईसीसी के मीडिया विभाग सचिव विनीत पुनिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया इंचार्ज निलय सैनी, प्रवक्ता रमेश बामल, संजीव भारद्वाज व रणधीर राणा उपस्थित रहे। प्रेस को सम्बोधित करते पीआरओ भगोरा ने कहा कि 31 मार्च 2022 तक अधिक से अधिक सदस्य बने इसके उपद्देष्य से सदस्यता अभियान प्रारम्भ किया गया है बूथों सेडिजिटल सदस्यता लेने के लिए नामांकन करने से पहले नामांकर्ताओ को एप्प का उपयोग करने के तरीके के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा नामांकित सदस्य से 5 रुपए का सदस्यता शुल्क का प्रावधान रखा गया है जिसके लिए पंचकूला के पीडब्लूडी विश्राम गृह में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार के कुशासन से त्रस्त है ओर हर वर्ग को कांग्रेस से आशाएं है। पीआरओ भगोरा ने कहा कि हरियाणा में जब से भाजपा सरकार आई है तभी से नए-नए घोटालो को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है सरकार अपराधों के रोकथाम के प्रति जवाबदेह नही होने से अपराधियों के हौंसले बुलंद है। प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण पर रोक लगाने पर कहा कि भाजपा-जजपा सरकार की नीयत में शुरू से खोट थीं भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने इस मामले में मजबूती से कोर्ट में अपनी लड़ाई लड़ी युवा ओर रोजगार विरोधी सरकार का हरियाणा प्रदेश के बेरोजगार युवाओं पर एक ओर कुठाराघात है।

# पटवार भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

### नॉर्मलाइज़ेशन प्रक्रिया को हटाकर सामान्य रॉ मार्क्स आधारित पद्दति से नए सिरे से परिणाम जारी करने की मांग की

**डूंगरपुर।** जिले के पटवारी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियो ने परीक्षा परिणाम में हुई कथित गडबडी के विरोध में व नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को हटाकर सामान्य रॉ मार्क्स आधारित पद्दति से नए सिरे से परिणाम जारी करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पटवार भर्ती परीक्षा परिणाम में कथित गड़बड़ी को लेकर पटवार भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों में आक्रोश है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले के पटवार भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी आज कलेक्ट्रेट पहुंचे और परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी और नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के विरोध में प्रदर्शन किया। इस मौके पर अभ्यर्थियो ने बताया की सरकार की ओरसे 23 व 24 अक्टूबर को चार चरणों में परीक्षा ली गई थी। वही परीक्षा पूर्ण होने के 2 माह बाद 13 दिसम्बर 2021 को अचानक जारी आदेश में नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। लेकिन ये आदेश पटवार भर्ती परीक्षा के नोटिफिकेशन और फार्मूला की मूल शर्तो को पूरा नहीं करता है। वही 25 जनवरी 2022 को नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया द्वारा जारी हुए परिणाम में शिफ्ट वार चयन में बड़े स्तर पर गड़बड़ी पाई गई है। उन्होंने बताया की चारो शिफ्टो में लगभग बराबर 2.50 लाख अभ्यर्थिओ ने परीक्षा दी लेकिन चयन में फर्स्ट शिफ्ट में 3922 का चयन किया गया वही दूसरी शिफ्ट में 3451, तीसरी शिफ्ट में 2474 और चौथी शिफ्ट में सर्वाधिक 2 लाख 66 हजार में से सिर्फ 1485 अभ्यर्थियों का ही चयन किया गया है। उन्होंने बताया की नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया में फर्स्ट शिफ्ट के अंको में 9.2 फीसदी वृद्धि हुई, दूसरी शिफ्ट में 8.57 फीसदी, तीसरी शिफ्ट में l.05 अंको की वृद्धि की गई जबकि चौथी शिफ्ट में अंको की वृद्धि न करके 15.65 फीसदी अंको की कमी की गई है। जो की पटवार भर्ती की चयन प्रक्रिया पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाती है। ऐसे में पटवार भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियो ने डूंगरपुर जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार से नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को हटाने सामान्य रो मार्क्स आधारित पद्दति से नए सिरे से परिणाम जारी करने की मांग की है।

## युवक ने सात दिन पहले लिए थे सात फेरे, आज सड़क हादसे में हुई मौत

**डूंगरपुर।** जिले के हिराता गांव निवासी युवक की सात दिन पहले ही शादी हुई थी जिसमे उसने अग्नि के समक्ष अपनी जीवन संगनी के साथ सात फेरे लिए थे। लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। युवक की आज डूंगरपुर शहर में सड़क हादसे में मौत हो गई। इधर युवक की मौत के बाद जहा पर युवक की पत्नी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वही गांव में गमगीन माहोल है। कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान ने बताया की हिराता गाँव निवासी 19 वर्षीय विक्रम कुमार पिता नाथूलाल यादव अहमदाबाद में होटल पर काम करता था। वही विक्रम कुमार यादव खुद की शादी के चलते पिछले महीने डूंगरपुर अपने गाँव आया था। इसके बाद विक्रम यादव की शादी 27 जनवरी 2022 को ही हुई थी। थानाधिकारी दिलीपदान ने बताया की विक्रम आज सुबह अपने गाँव से बाइक लेकर डूंगरपुर के पास सुरपुर गाँव में अपने रिश्तेदार के यहाँ एक सगाई कार्यक्रम में भाग लेने आया हुआ था। वहा से विक्रम यादव बाइक में पेट्रोल भराने के लिए डूंगरपुर सिटी आया। बाइक में पेट्रोल भराकर विक्रम तहसील चौराहे से वापस सुरपुर जा रहा था इस दौरान एसबीपी कॉलेज के पास एक युवती सड़क पार कर रही थी जिस पर विक्रम की बाइक ने पहले युवती को अपनी चपेट में लिया और फिर बाइक सड़क के बीच डिवाइडर पर गमले से टकरा गई। हादसे में विक्रम के सिर पर गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वही सडक पार कर रही युवती गंभीर घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई वही सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस व 108 एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची। लेकिन इस दौरान 108 एम्बुलेंस की खस्ताहाल हालत भी लोगो के सामने आ गई मौके पर पहुंची एम्बुलेंस अचानक बंद पड़ गई और काफी देर तक स्टार्ट नहीं हुई जिस पर मौजूद लोगो ने धक्का मारकर 108 एम्बुलेंस को स्टार्ट करवाया।

# वागड़ का पानी वागड़ के लिए ही उपयोग में लेने की मांग

### पूर्व सांसद भगोरा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

डूंगरपुर। पूर्व सांसद व हरियाणा प्रदेश के पीआरओ ताराचंद भगोरा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग करी है कि अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में जल सुरक्षा प्रदान करने व वागड़ का पानी वागड़ की जनता के ही उपयोग हो अन्य किसी प्रदेश या जिले में ले जाने योजना भविष्य में कभी नही बननी चाहिए। इसके साथ ही भगोरा ने लिखा कि

वागड़ क्षेत्र के बॉसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिलों में प्रचूर मात्रा में जल उपलब्ध होने के बावजूद जल संरक्षण संरचनाओं के अभाव में पानी व्यर्थ बहकर गुजरात चला जाता हैं ओर कई बार योजनाएं बनती है कि वागड़ का पानी अन्य जिलों को उपलब्ध करवाया जाए वर्तमान में भी वागड़ का पानी चित्तोड़ ले जाने की योजना बनाई जा रही है जो गलत है वागड़ का पानी वागड़ की जनता के लिए ही उपयोग होना चाहिए। वागड़ क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुलय क्षेत्र हैं, इस क्षेत्र के निवासियों को रोजी-रोटी के संसाधन के अभाव में पलायन कर मजूदरी के लिए गुजरात जाना पढ़ता हैं, जबकि बॉसवाड़ा-डूंगरपुर क्षेत्र में 900 से 4200 एम एमतक वर्षा प्रति वर्ष होती है तथा लाखों मिलियन घन मीटर पानी उक्त दोनो जिलों में जल संरक्षण हेतु संरचनाओं के अभाव में पानी व्यर्थ बहकर गुजरात चला जाता हैं। उक्त व्यर्थ बहकर जा रहे पानी के उपयोग हेतु निम्नलिखित कार्यों को मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2022-23 में सम्मिलित कर कार्यो को शीघ्र पूर्ण करवाया जावे।

1. भीखाभाई सागवाड़ा नहर के ग्यारह चरण के कार्य हमारी सरकार द्वारा वर्ष 2008-09 में स्वीकृत किये थे, परन्तु डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा / सीमलवाड़ा क्षेत्र में उक्त नहर का पानी आज दिनांक तक नहीं पहुँचा हैं जिससे सिंचाई सुविधा नहीं होने के कारण स्थानीय जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के लोंगो को रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में भीखाभाई सागवाड़ा नहर तन्त्रल को पूर्ण कराकर डूँगरपुर जिले के सागवाड़ा /सीमलवाड़ा क्षैत्र में पानी पहुँचाने की व्यवस्था करावें7

2. माही बॉध वर्ष 4966 के अनुबन्ध के तहत गुजरात एवं राजस्थान राज्य में पानी का बंटवारा किया गया। माही बॉध का पानी कडाना बाघ में छोड़ा जाता है तथा कडाना बॉध से विद्युत उत्पादन के पश्चात पानी वणाकबोरी पिकअप वियर से दॉयीतरफ से ब्रान्च कनाल से खेडा जिले के लगभग 2.25 लाख हैक्टयर क्षैत्र में सिंचाई की जाती हैं। 966 के अनुबन्ध के अनुसार इस क्षेत्र में नर्मदा नहर का पानी पहुँच जाने पर गुजरात राजस्थान को 40 टी0एम0सी0 पानी लौटा देगा। नर्मदा नहर के आर0डी0 49.86 किलोमीटर से स्ट्रक्चर बनाकर नर्मदा नहर से गुजरात माही के कमाण्ड में लेना प्रारम्भ कर दिया हैं। परन्तु गुजरात से 40 टी0एम0सी0



पानी राजस्थान को प्राप्त नहीं हुआ हैं। माही नदी से प्रतिवर्ष लाखों धनमीटर पानी व्यर्थ बहकर गुजरात जा रहा हैं। अत: पीपलखूंट क्षेत्र से होकर नागलिया पिकअप वीयर तक 405 किलोमीटर नहर का निर्माण करते हुए डूँगरपुर जिले के सागवाड़ा के पास वरदा गॉव तक कुल 265 किलोमीटर लम्बी नहर का निर्माण की घोषणा7 ! आगामी 2022-23 की बजट घोषणा में जोड़ा जावे। जिससे बॉसवाड़ा, प्रतापगढ एवं डूँगरपुर क्षेत्र की जनता को जल संकट से राहत मिल सके व लोगो को सिंचाई एवं पेयजल हेतु पानी उपलब्ध होने पर लोगों का पलायन रुक सके।वागड़ क्षेत्र की जनता प्यासी है एवं पानी के संकट से जूझ रही हैं, दूसरी तरफ जाखम बॉध का पानी अन्यत्र ले जाने की तैयारी की जा रही है जो उचित नहीं हैं। अत: पीपलखूंट हाई लेवल कनेल को सागवाड़ा के वरदा तक (लगभग 265 किलोमीटर) बनाकर वरदा एनिकट में पानी डालते हुए लिफ्ट योजना से डुँगरपुर क्षैत्र में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने की घोषणा आगामी मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2022-23 में जोड़ा जावे।

3. भीखाभाई सागवाड़ा नहर परियोजना के कार्य विगत 45-20 वर्षों से निर्माणाधीन होने के बावजूद डूँगरपुर क्षेत्र माही के पानी से अभी तक भी वंचित हैं। सोम कमला अम्बा बॉध भी प्रतिवर्ष ओवरफ्लों होता हैं तथा पानी व्यर्थ बहकर गुजरात चला जाता हैं एवं जाखम नदी पर हाण्डा खेड़ा पिकअप वियर बना हुआ है जो भी सालभर ओवरफ्लो होता रहता हैं। सोमकमला अम्बा की नहरों के माध्यम से भीखाभाई सागवाड़ा नहर में सरप्लस पानी डालकर वर्षा ऋतु में सागवाड़ा क्षैत्र के तालाबों को भरते हेतु योजना बनाकर बजट 2022-23 में घोषणा करावें तथा हाण्डा खेड़ा पिकअप वियर से वर्ष पर्यन्त पानी व्यर्थ बहकर गुजरात चला जाता है, इसकी नहरों को भीखाभाई सागवाड़ा नहरों से जोड़कर 5740 070 विकसित किया जावे। जिससे भीखाभाई नहर से सागवाड़ा व सीमलवाड़ा क्षैत्र में सिंचाई ,/ पेयजल हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चत हो सकेगी 7

4. सागवाड़ा के पास में लोडेश्वर बाँध से पानी ओवरफ्लो होकर व्यर्थ गुजरात में चला जाता हैं। उक्त बॉध से लिफ्ट स्कीम बनाई जावे जिससे जनजाति क्षैत्र के लोगो का पलायन रुक सके। भीखाभाई सागवाड़ा नहर को लोडेश्वर बॉध को जोड़ा जावे जिससे व्यर्थ जा रहे पानी का सदुपयोग हो सके। आदिवासी क्षेत्र के लोग खेती कर अपनी रोजी-रोटी के साधन विकसित कर अपना जीवन यापन कर सकेंगे ।

5. उक्त कार्यो का समयबद्द एवं सफलता पूर्वक कियान्वयन हेतु बॉसवाड़ा मुख्यालय पर मुख्य अभियन्ता कार्यालय को पुर्नजीवित करना आवश्यक हैं, क्योंकि वागड़ क्षेत्र के समन्वित विकास हेतु जल सूरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपर हाई लेवल कनेल, पीपलखूंट हाई लेवल केनाल सहित क्षैत्र में वाटर ग्रिड विकसित कर डूँगरपुर जिले में लिफ्ट स्कीम के समयबद्ध कियान्वयन हेतु मुख्य अभियन्ता का पद बॉसवाड़ा मुख्यालय पर पुर्नजीवित / पुन:स्थापित किया जावे।

उक्त सभी कार्यों को मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं में सम्मिलित किया जावे जिससे आदिवासी क्षेत्र के लोगों को अपनी रोजी-रोटी के साधन उपलब्ध हो सके। खेती कर जीवन निर्वाह कर सके। उक्त कार्यो के पूर्ण होने पर क्षेत्र से लोगो के पलायन में कमी आयेगी व जल सुरक्षा होने पर लोगो में समृद्धि आयेगी।